# फ्लाईट द्वारा रामेश्वरम् धाम, पॉन्डिचेरी, तिरुपति, त्रिवेन्द्रम, कन्याकुमारी यात्रा

## यात्रा प्रारम्भः 02 दिसम्बर 2025

## यात्रा समयः 10 दिन




श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा ऋषिकेश
1967 से आपकी सेवा मे तत्पर

| दिन | स्थान | दर्शनीय स्थल |
|---|---|---|
| पहला दिन | दिल्ली | दिल्ली से फ्लाईट द्वारा हेदराबाद के लिए प्रस्थान (रात्रि हेदराबाद में) |
| दूसरा दिन | मल्लिकार्जुन | मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग दर्शन। (रात्रि मल्लिकार्जुन में) |
| तीसरा दिन से चौथा दिन | तिरुपति बालाजी | तिरुमला मन्दिर पहाड़ी पर स्थित है। दर्शन के लिए यात्री अपने साथ में ओरिजिनल आधार कार्ड साथ लावें। स्थानीय बस द्वारा (रात्रि तिरुपति) |
| पांचवां दिन | वेल्लूर | श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर (स्वर्ण मन्दिर)। (रात्रि पॉन्डिचेरी) |
| पांचवां दिन | पॉन्डिचेरी | पॉन्डिचेरी अरविन्द आश्रम, पॉन्डिचेरी बीच। (छठावां दिन रास्ते में व रात्रि रामेश्वरम् में।) |
| सातवां दिन | रामेश्वरम् धाम | समुद्र स्नान, राम-सीता कुण्ड, राम झरोखा मन्दिर दर्शन, 22 कुण्ड स्नान, रामेश्वरम् ज्योर्तिलिंग, धनुषकोटि। (रात्रि रामेश्वरम् में) |
| आठवां दिन | कन्याकुमारी | कन्याकुमारी मन्दिर दर्शन, सूर्य उदय अथवा सूर्य अस्त के दर्शन, हिन्द बंगाल, अरब तीनों समुद्रों का संगम स्नान, विवेकानन्द स्मारक। (रात्रि विश्राम कन्याकुमारी में) |
| नवां दिन | त्रिवेन्द्रम | तिरूवनन्तपुरम चिड़ियाघर, पद्मनाभम् मन्दिर, कोवलम बीच। (रात्रि विश्राम त्रिवेन्द्रम में) |
| दसवां दिन | त्रिवेन्द्रम | त्रिवेन्द्रम से फ्लाईट द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान व यात्रा समापन। |

**यात्रा किराया :-** भोजन, चाय, नाश्ता, A/C पुशबेक डीलक्स बस, A/C डबल बैड होटल रूम, हवाई जहाज (दिल्ली से हेदराबाद व वापसी त्रिवेन्द्रम से दिल्ली) द्वारा का किराया ₹48,000/- प्रति सवारी होगा। अग्रिम बुकिंग हेतु ₹5,000/- प्रति यात्री नगद अथवा ऑनलाइन 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के S.B.I बैंक खाते में या हमारी किसी भी अधिकृत बुकिंग एजेन्सी पर जमा करवा दें। शेष धनराशि यात्रा से पूर्व ली जायेगी।

# फ्लाईट द्वारा यात्रा के नियम व सुविधाएें

1. यात्रियों के लिए यात्रा में सुबह चाय, नाश्ता, दोपहर व रात्रि भोजन में दाल, एक सब्जी, चावल, रोटी रहेगी। शाम को चाय होगी। दाल-चावल व रोटी में देशी घी का प्रयोग होगा। सब्जी व नाश्ते में रिफाइंड का प्रयोग होगा। चावल बासमती बनेगा। प्याज-लहसुन का प्रयोग पूर्णतः वर्जित होगा। भोजन शुद्ध शाकाहारी सात्विक बनाया जायेगा। यात्रा के दौरान तवा चपाती बनायी जायेगी व समय की उपलब्धता के अनुसार पूड़ी, पराठें व खिचड़ी भी बनायी जायेगी तथा यात्रा में समय अनुसार लंच पैकेट भी दिया जाएगा। रेल द्वारा लम्बी दूरी की यात्रा के दौरान भोजन की व्यवस्था I.R.C.T.C के अधिकृत भोजनालय से की जायेगी। दोपहर एवं रात्रि भोजन के साथ एक पानी की बोतल दी जायेगी।
2. रात्रि विश्राम के लिए होटल का प्रबन्ध यात्रियों के लिए डबल बैड रूम में किया जाएगा लेकिन अगर कोई अलग से सिंगल बेड रूम लेने चाहे तो ऐसे में यात्री ₹8000 प्रति रूम अतिरिक्त भुगतान करके ले सकते है। A/C सुविधा केवल चलती बस में रहेगी पार्किंग में खड़ी बस में यह सुविधा नहीं होगी। यात्री अपने साथ बुकिंग के समय दिए गए असली पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर आई.डी.) और एक पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लाएं।
3. फ्लाइट मे यात्रि अपने पावर बैंक को हैंड बैग में ही रखे । कैंची, नेल कटर, चाकू, नारियल आदि सामान फ्लाइट में ना लेकर जाये। फ्लाइट के नियम के अनुसार प्रत्येक यात्री अपने साथ 15 किलो तक का एक सूटकेस या बैग जोकि चेक इन बैगेज में और 7 किलो तक का एक बैग हैंड बैगेज में लेके जा सकते हैं। यात्रियों के प्लेन के बोर्डिंग पास प्लेन में बैठने के 12 घंटे पहले यात्री को व्हाट्सएप पर भेज दिया जाएगा। यात्री अपने प्लेन की टिकट पर दिए गए टर्मिनल पर फ्लाइट उड़ने के समय से 3 घंटा पूर्व डिपार्चर गेट के सामने संस्था के प्रतिनिधि से मिले।
4. यात्रा बुक होने के बाद यात्री अपनी सीट कैंसिल करवाता है तो अग्रिम धनराशि वापिस नहीं की जायेगी। दर्शनीय स्थलों का प्रवेश शुल्क यात्रियों द्वारा वहन किया जायेगा।

## यात्रियों को निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

- यात्रा काल के दौरान आर्थिक, शारीरिक क्षति एवं सामान की जिम्मेदारी यात्री की स्वयं की होगी। व्यवस्थापक यात्रियों के नुकसान का जिम्मेदार नहीं होगा। फ्लाइट और रेल के नियमों का पालन करें।
- यात्री को आवश्यकता पड़ने पर यात्री अपने खर्चे पर अस्पताल/डाक्टर की व्यवस्था अपनी सुविधानुसार कर सकते हैं। प्रत्येक यात्री टाईम टेबल के अनुसार चलने को बाध्य होंगे, यदि किसी कारणवश कोई ग्रुप से अलग होता है तो अगले स्टेशन/गन्तव्य पर यात्री अपने खर्चे पर पहुचेगें। सभी बसे दर्शनीय स्थलो की पार्किंग तक जाएगी वहा से मन्दिरों की दूरी नगण्य है इसलिए यात्री (स्वयं के खर्चे से) पैदल अथवा रिक्शे से वहाँ जा सकते हैं। इस प्रकार यात्रियों को पैदल कम चलना पड़ेगा।
- यदि कोई यात्री किन्हीं कारणवश अथवा अस्वस्थ होने की वजह से अपनी यात्रा अधूरी छोड़कर घर वापिस आना चाहेगा तो उस अवस्था में यात्री को व्यवस्थापक की तरफ से केवल घर तक पहुंचाने हेतु रेलवे का स्लीपर क्लास का टिकिट ही दिया जायेगा। यह व्यवस्था भी केवल यात्रा समाप्ति के 5 दिन पूर्व तक लागू होगी। किराया वापसी किसी भी अवस्था में देय नहीं होगा।
- यात्रा में फ्लाइट लेट होने / बस खराब होने/ मौसम खराब होने/साप्ताहिक अवकाश/ बन्द/ रैली आदि के कारण सें किसी स्थान पर दर्शन ना होने पर व्यवस्थापक द्वारा कार्यक्रम में जो भी बदलाव किया जायेगा, यात्रियों से निवेदन है कि परिस्थितियों को समझते हुए उसमें अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।
- यात्रा काल में मैनेजर यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा देने की कोशिश करेंगे परन्तु फिर भी यात्रा के दौरान थोड़ी असुविधा होना स्वाभाविक है। उस समय 'परदेश नरेश कलेशन' की कहावत के अनुसार तपस्या की भावना से उसे सहन करें व मैनेजर को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।


श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा, ऋषिकेश

www.tirthyatraindia.com 9412050868 9640100200